वर्ष - 01 | अंक - 48 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 03 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# भीलवाड़ा फोकस



## हरियाली की चादर ओढ़े बिस्वामिल घाटः बरसात में प्रकृति की अनुपम छटा, रेल यात्रा बनी रोमांचकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अरावली की गोद में स्थित बूंदी-बिजौलिया रेलखंड पर स्थित बिस्वामिल घाट इन दिनों हरियाली से लबरेज़ होकर मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। बारिश के बाद घाटियों में फैली हरियाली और उसके बीच से गुजरती मालगाड़ी का नज़ारा किसी स्वप्नलोक से कम नहीं लगता।

बरसात के मौसम में यह क्षेत्र प्रकृति प्रेमियों और रेल यात्रा के शौकीनों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

हरे-भरे पर्वतो के बीच दौड़ती ट्रेनें जीवन की गति और सौंदर्य का अद्भुत संगम रचती हैं।

बूंदी-बिजौलिया मार्ग पर स्थित यह रेलखंड न केवल माल परिवहन के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी अपार संभावनाएं समेटे हुए है। हर मानसून यह क्षेत्र नए रंग, नई ताजगी और नई ऊर्जा के साथ एक जीवंत तस्वीर बन जाता है।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा यह मार्ग अब प्रकृति की गोद में बसी खूबसूरत यात्रा का प्रतीक भी बन गया है।

बरसात में यहां की घाटियाँ हरियाली की चादर ओढ़ लेती हैं और ट्रेन की रफ्तार के साथ यह दृश्य और भी जीवंत हो उठता है।

**कंटेंट- कपिल श्याम विजय**
**फोटो - रमेश गुर्जर**

## अंधेरे में बना निशानाः जैन मंदिर से लौट रही 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला के गले से बदमाशों ने झपट ली सोने की चैन, राम-राम कहकर दिया वारदात को अंजाम

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**


कस्बे में अंधेरे का फायदा उठाकर शनिवार रात को बदमाशों ने बुजुर्ग महिला को निशाना बना लिया। नगर पालिका चौक क्षेत्र में रात करीब 8:40 बजे बाइक पर सवार दो युवकों ने 85 वर्षीय महिला के गले से 3 तोला वजनी सोने की चैन झपट ली और मौके से फरार हो गए। यह घटना नगर पालिका कार्यालय के पास हुई, जहां स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं। अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाशों ने मुख्य बाजार में वारदात को अंजाम दे डाला।

### जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रही थीं महिला

पीड़िता कमला देवी पत्नी छित्तर सेठिया, निवासी नगर पालिका चौक, शनिवार रात जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रही थीं। जैसे ही वह अपने घर



के पास पहुंचीं, वहां सिल्वर रंग की बाइक पर सवार दो युवक पहले से खड़े थे। उनमें से एक ने 'राम-राम' कहकर बुजुर्ग महिला का ध्यान भटकाया और दूसरे ने अचानक झपट्टा मारते हुए गले से चैन खींच ली। महिला कुछ समझ पाती, इससे पहले ही दोनों आरोपी तेज गति से बाइक दौड़ाकर फरार हो गए।



### नगर में बिजली व्यवस्था ध्वस्त, अंधेरे का फायदा उठा रहे असामाजिक तत्व


पीड़िता के पोते राहुल सेठिया ने बताया कि कस्बे में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। कई महीनों से नगर के कई क्षेत्र अंधेरे में डूबे हुए है, यही स्थिति नगर पालिका कार्यालय के बाहर भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अंधेरे के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो और भी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं।

### पुलिस ने किया मौका मुआयना, फुटेज खंगालने में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही बिजौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस मामले की छानबीन करते हुए संदिग्ध बाइक सवारों की तलाश के लिए आसपास के इलाकों में भी कैमरे चेक करा रही है ।

## जमानत पर बाहर आया आरोपी फिर पहुंचा सलाखों के पीछे, चश्मदीद गवाह को दी जान से मारने की धमकी

**कोटड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार, हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया शुरू**



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**(दिनेश पारीक)** । थाना क्षेत्र में जमानत पर रिहा हुए एक आरोपी ने न्यायालय में गवाही देने वाले चश्मदीद गवाह को डराने-धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी की हरकतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस अब आरोपी की हिस्ट्रीशीट खोलने की तैयारी कर रही है।

थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि देवकिशन पुत्र भंवरलाल गुर्जर, निवासी पिलिया की झोपड़ियां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक दर्ज प्रकरण में मुलजिम रामकिशन के खिलाफ चश्मदीद गवाह है। जिसके चलते आरोपी रामकिशन पुत्र गोदूलाल गुर्जर उम्र 40 वर्ष, निवासी पिलिया की झोपड़ियां, थाना कोटड़ी जमानत पर बाहर आने के बाद से उसे गवाही बदलने के लिए लगातार दबाव बना रहा था। मना करने पर उसने जान से मारने, हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी।

देवकिशन ने बताया कि आरोपी रामकिशन सोशल मीडिया पर डराने-धमकाने वाले मैसेज और पोस्ट डाल रहा है, जिससे अन्य गवाहों में भी भय का माहौल बन गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार किया है और न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इसी के आधार पर थाना कोटड़ी में उसकी हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## बस से चोरी हुए जेवरातों का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सुभाषनगर थाना पुलिस ने रोडवेज बस में महिला के बैग से चोरी किए गए लाखों के जेवर और नकदी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है। थानाधिकारी शिवराज गुर्जर ने बताया की 23 मई को पीड़िता निर्मला कंवर निवासी भूरकिया खुर्द जिला चित्तौड़गढ़ ने बस से जेवरात एवं नकदी चोरी होने का मामला दर्ज कराया था । जिसमे महिला ने बताया था कि 22 मई को वह अपने पीहर मोड़ का निम्बाहेड़ा से ससुराल जा रही थी। भीलवाड़ा रोडवेज बस स्टैंड से बस में चढ़ने के बाद वह बच्चों को पानी पिलाने के लिए कुछ देर बस से उतरी। वापस आने के बाद वह जाखाना मोड़ पर उतरी और ससुराल पहुंची तो देखा कि बैग से करीब 32 तोला सोने-चांदी के जेवर, ?25,000 नकद और जरूरी दस्तावेज चोरी हो चुके थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और सूचनाओं के आधार पर आरोपी सुरेश सिंह बावरी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त कार भी जब्त की गई है। आरोपी से पूछताछ जारी है और अन्य संदिग्ध पहलुओं की भी जांच की जा रही है।



# करंट से युवक की मौत का मामला : बिजोलिया में अस्पताल के बाहर चल रहा धरना 21 घंटे बाद खत्म

## विधायक की मध्यस्थता से 10 लाख की आर्थिक सहायता, आगनबाड़ी में नौकरी के साथ दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद बनी सहमति

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

उपखंड क्षेत्र के राणा जी का गुढ़ा में युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में गुस्साए ग्रामीणों एवं परिजनों द्वारा दिया जा रहा धरना शनिवार सुबह 21 घंटे बाद मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल की मध्यस्थता के बाद प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सहमति बनने पर खत्म हुआ । गौरतलब है कि राणा जी का गुढ़ा गांव में शुक्रवार दोपहर करंट लगने से 37 वर्षीय युवक युवराज भाट की दर्दनाक मौत हो गई थी। युवक गांव के जिस बबूल के पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठा था, उसमें हाईटेंशन लाइन के तारों से करंट प्रवाहित हो रहा था। बारिश के कारण पेड़ के हाथ टच होते ही नमी होने से वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने शुक्रवार रात को अस्पताल स्थित मोर्चरी के बाहर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाड़ा भी मौके पर पहुंचे और पूरी रात परिजनों के साथ धरने पर बैठे रहे। उनकी मांग थी कि मृतक के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी और लापरवाह विद्युतकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।


बिजोलिया : प्रशासनिक अधिकारियों एवं परिजनों से वार्ता करते विधायक खण्डेलवाल


बिजोलिया : अस्पताल स्थिति मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण



बिजोलिया : धरना स्थल पर चर्चा करते विधायक एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि


बिजोलिया : मृतक के भाई को पूर्व प्रधान मालवीय ढाढ़स बंधाते हुए

### पूर्व प्रधान मालवीय ने की मदद, शिक्षा और विवाह का उठाया जिम्मा

अस्पताल में चल रहे धरने में शामिल होने शनिवार सुबह पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय भी मौके पर पहुंचे और मृतक परिवार को 50,000 की तत्काल सहायता राशि प्रदान की। साथ ही मृतक के बच्चों की शिक्षा का खर्च और बेटी की शादी के लिए 2 लाख की सहायता देने की घोषणा की।

### विधायक खंडेलवाल की पहल से बनी सहमति

इसके बाद मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल धरनास्थल पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा कर समझाइश की। विधायक खंडेलवाल ने घोषणा की कि सरकार की ओर से ?10 लाख की सहायता दी जाएगी जिसमे 5 लाख आयुष्मान योजना एवं 5 लाख विधुत विभाग से दिलाए जाएंगे । उन्होंने धरना स्थल पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से बात कर मृतक की पत्नी को आंगनबाड़ी में नियुक्त करने एवं दोषी विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। लापरवाह अधिकारियों को हटाकर क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।÷

### विद्युत विभाग ने शुरू की जांच, सात दिन में मांगी रिपोर्ट

विधायक की पहल पर अजमेर विद्युत वितरण निगम हरकत में आया और अधीक्षण अभियंता (प.व.स.) भीलवाड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। 1 अगस्त को हुई इस घटना की विस्तृत रिपोर्ट सात दिन में तलब की गई है। विधुत विभाग की जांच में दुर्घटना के कारण , जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी , भविष्य में रोकथाम के सुझाव , ड्यूटी चार्ट, शटडाउन/ब्रेकडाउन रिपोर्ट , पोस्टमार्टम रिपोर्ट व एफआईआर को शामिल किया गया है ।

एक्सईएन अर्जुन मीणा ने बताया कि पीड़ित परिवार को राहत राशि दिलाने के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है। एईएन ललित मेवाड़ा ने स्पष्ट किया कि पेड़ पर लगी अर्थिंग वायर के एलटी लाइन से टच हो जाने से करंट दौड़ा और यह हादसा हुआ।

### पहले से थी शिकायत, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

मृतक के भाई रामरतन भाट ने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि पेड़ से 11 केवी लाइन के तार लटक रहे थे, जिसकी शिकायत 7 जुलाई को शिविर में भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां तक कि हादसे से ठीक एक दिन पहले गुरुवार को इसी पेड़ में करंट से एक बंदर की भी मौत हो गई थी। रामरतन ने घटना को लेकर विधुत विभाग के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, सर्कल लाइनमेन के विरुद्ध लापरवाही का मामला दर्ज कराया है ।

### प्रशासन मौके पर रहा मौजूद


धरना समाप्त होने तक मौके पर तहसीलदार ललित डिडवानिया, थानाधिकारी लोकपाल सिंह, एक्सईएन अर्जुन मीणा, एईएन ललित मेवाड़ा, जेईएन हेमेन्द्र नावर, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा, पूर्व अध्यक्ष मनोज गोधा, शांतिलाल जोशी, सुमित जोशी , गोपाल मालवीय , अंकित तिवाड़ी, हितेन्द्र राजौरा, उमाशंकर वैष्णव, बिट्ठल तिवाड़ी, शिव चंद्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# सड़क किनारे मोबाइल चला रहा युवक ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आया, मौके पर मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुर थाना क्षेत्र के पांसल में शनिवार दोपहर दर्दनाक हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक सड़क किनारे बैठकर मोबाइल चला रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक बेकाबू होकर पलट गई और वह उसके नीचे दब गया।

जानकारी के अनुसार मृतक कालू माली पुत्र किशन माली शनिवार को अपने मवेशियों को पानी पिलाने के लिए खेत की ओर लेकर गया था। खेत के पास बने पोंड में मवेशी पानी पी रहे थे और कालू पास में सड़क किनारे बैठकर मोबाइल देख रहा था। इसी दौरान अचानक आई ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी और युवक को अपनी चपेट में ले लिया।



हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पंहुच ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है । वही शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द करते हुए मामले की जांच शुरू की है ।

# कोटड़ी पुलिस की कार्रवाईः अवैध बजरी परिवहन में ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एक गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

(दिनेश पारिक) । थाना पुलिस ने शनिवार को अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है साथ ही कोठारी नदी क्षेत्र में एक लावारिस मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध बजरी खनन और परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

पुलिस टीम ने सातोला कोठारी नदी क्षेत्र में दबिश देते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध बजरी के साथ पकड़ा। मौके से आरोपी प्रकाश पुत्र मांगीलाल कालबेलिया उम्र 30 वर्ष, निवासी सिन्दरी का बालाजी, भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया गया।

# बहनों से छेड़छाड़ का विरोध किया तो घर में घुसकर हमला, पिता सहित चार घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात को एक परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है । पीड़ित परिवार का आरोप है कि दो युवकों ने अपने साथियों संग घर में घुसकर तलवार, चाकू और पाइप से हमला किया, जिसमें दो नाबालिग बहनों सहित परिवार के चार सदस्य घायल हो गए।

इसमें पीड़िता के भाई ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि उसकी बहनों को आरोपी मोनू पठान और दानिश नीलगर लंबे समय से परेशान कर रहे थे। शुक्रवार रात को जब वह घर पर था, तभी दोनों युवक कुछ साथियों के साथ घर में घुसे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर पिता और बहनों पर भी हमला किया गया। चाकू लगने से एक बहन घायल हुई, जबकि दूसरी के सिर पर पाइप मारा गया।

घटना की सूचना पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है

# चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना से आज जलापूर्ति रहेगी प्रभावित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अंतर्गत जिले में की जा रही जलापूर्ति रविवार को प्रभावित रहेगी।

अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खंड-प्रथम ने बताया कि शनिवार, 2 अगस्त की शाम भुंजरकला क्षेत्र में पावर फॉल्ट हो गया था।

पावर फॉल्ट के कारण आरोली स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर जलापूर्ति बाधित हो गई है। ऐसे में रविवार, 3 अगस्त को भीलवाड़ा शहर सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।



# चोरी के मामले में फरार 5 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ बागोर

थाना पुलिस ने नकबजनी के प्रकरण में फरार चल रहे ?5 हजार के इनामी आरोपी रतनलाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

यह कार्रवाई वांछित इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

थानाधिकारी भंवरलाल ने बताया कि 27 जनवरी 2025 को बागोर निवासी श्यामलाल सेन के घर में नकबजनी की वारदात हुई थी। जिसमें जेवरात और नकदी चोरी कर ली गई थी। मोहल्लेवासियों ने एक




आरोपी रमेशसिंह उर्फ राजू को मौके पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था, जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले में अब तक तीन आरोपियों– नारायणलाल उर्फ टंका, दुर्गा बागरिया और भंवरलाल को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, ?5 हजार का इनामी वांछित आरोपी रतनलाल पुत्र गणेश उर्फ गोपाल बागरिया निवासी उखलिया, थाना शंभूगढ़ को भी अब पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी पिछले कई महीनों से फरार था और अलग-अलग राज्यों में रहकर लगातार मोबाइल नंबर बदलते हुए पुलिस को चकमा दे रहा था। उसके खिलाफ पूर्व में चोरी और मारपीट के कुल तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर मामले से जुड़ी अन्य जानकारियां जुटा रही है।

# भीलवाड़ा में खतरनाक इमारतों पर कार्रवाई तेज, अतिक्रमण हटाने का भी ऐलान

## 27 जर्जर भवन मालिकों को नोटिस, दो सीज और दो ध्वस्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर में जर्जर और खतरनाक भवनों से आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने कार्रवाई की रफ्तार तेज कर दी है। शनिवार को नगर निगम की टीम ने 10 और जर्जर भवनों के मालिकों को नोटिस जारी कर मरम्मत कराने अथवा भवन खाली करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अब तक कुल 27 भवन मालिकों को नोटिस थमाए जा चुके हैं।

नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि शहर में ऐसे पुराने और क्षतिग्रस्त भवन किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इसको लेकर निगम सतर्कता बरत रहा है और आवश्यकतानुसार सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा रही है।



### दादाबाड़ी में भवन सील, अब तक दो भवनों पर सीधी कार्रवाई

शनिवार को दादाबाड़ी के कोली मोहल्ला क्षेत्र में स्थित एक बेहद जर्जर भवन को निगम टीम ने खाली करवा कर सील कर दिया। इसके साथ ही अब तक दो भवनों को सीज किया जा चुका है जबकि दो अन्य जर्जर भवनों को ध्वस्त किया गया है। निगम ने स्पष्ट किया है कि चेतावनी के बावजूद सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अतिक्रमण के विरुद्ध भी सख्ती: नेहरू रोड से हटाए गए ठेले

नगर निगम ने शनिवार को नेहरू रोड पर चल रही अस्थाई अतिक्रमण गतिविधियों पर भी कार्रवाई की। निगम की टीम ने सड़क किनारे लगे ठेले और अन्य अतिक्रमणों को हटाया और अतिकर्मियों को कड़ी चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

चौधरी ने बताया की 4 अगस्त से नेहरू रोड पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने का नियमित अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत अतिक्रमण करने वालों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

# जैन बघेरवाल युवा परिषद का स्नेह मिलन सम्पन्न, समाजहित में पारित हुए कई अहम प्रस्ताव

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

श्री दिगंबर जैन बघेरवाल युवा परिषद शाखा बिजौलियां द्वारा शनिवार को वार्षिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन नला का माताजी परिसर में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में समाजहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ और सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए।कार्यक्रम का शुभारंभ वैभव ठग द्वारा मंगलाचरण से हुआ। परिषद के कोषाध्यक्ष रमेश चौधरी ने वार्षिक आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। इस दौरान पंकज हरसौरा, राहुल सेठिया, नरेश ठग, मनीष ठग और आशीष पटवारी सहित



कई सदस्यों ने समाज और संगठन से जुड़े विचार साझा किए।

बैठक में आगामी पर्यूषण पर्व के बाद बिजौलियां पार्श्वनाथ मंदिर से चवलेश्वर पार्श्वनाथ तक धार्मिक पैदल यात्रा आयोजित करने पर सहमति बनी। साथ ही, 24 अगस्त को होने वाले युवा परिषद मेवाड़ प्रांत की नवकार्यकारिणी के चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक का संचालन नीरज धनोप्या ने किया जबकि अध्यक्ष पवन धनोप्या ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने आगामी माहों में परिषद द्वारा जनहित और समाजकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यों को क्रियान्वित करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर विवेक हरसौरा, विनीत पटवारी, पारस ठग, विकास धनोप्या, मनीष धनोप्या, अंकित ठोला, अभिषेक धनोप्या सहित परिषद के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# समोडी तालाब के बीच जिन्दल ने बनाई अवैध सड़क, संघर्ष समिति ने की कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचंद पेसवानी**

समोडी गांव के तालाब के बीच जिन्दल शॉ लिमिटेड द्वारा डेढ़ किलोमीटर लंबी अवैध सड़क बनाए जाने का मामला सामने आया है। ओवरब्रिज बनाओ संघर्ष समिति ने इसे सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन बताते हुए जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

समिति सदस्यों ने बताया कि सड़क निर्माण से तालाब का क्षेत्रफल घटा है और पर्यावरणीय नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन और खान विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क हटाने, तालाब को मूल स्वरूप में लाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।



समिति ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मीनारायण डाड, दुर्गेश शर्मा, उम्मेदसिंह राठौड़, बाबूलाल जाजू, महेश सोनी, सत्यनारायण विश्नोई, ओम कसारा, अशोक मूंदड़ा, सीताराम खटीक और नेमचंद सिंघवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### 14 फीट लम्बे अजगर ने किया बकरी का शिकार

#### वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा गया अजगर

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला



नेशनल हाईवे 758 के पास ग्राम पंचायत गुरला के पार्वतीपुरा गांव में उस समय दहशत फैल गई जब एक 14 फीट लंबा अजगर गांव में घुस आया और एक बकरी को शिकार बना लिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर अजगर को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि पार्वतीपुरा निवासी गणेश गुर्जर की बकरी खेतों के पास चर रही थी, तभी अजगर ने उसे दबोच लिया। ग्रामीणों ने जैसे ही विशालकाय अजगर को देखा, तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

कुछ ही देर में वन विभाग की रेस्क्यू टीम कुलदीप सिंह राणावत, चंद्रपाल सिंह राणावत, रूपेन्द्र सिंह पंवार, नारायण भदाला सहित अन्य टीम सदस्य मौके पर पहुंचे और बड़ी सावधानी से पहले अजगर के कब्जे से बकरी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद अजगर को पकड़कर सुरक्षित रूप से वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

घटना के समय बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे मामलों में घबराएं नहीं और तुरंत विभाग को सूचित करें।

### प्रधानमंत्री किसान निधिः भीलवाड़ा में 400 से अधिक किसानों ने देखा लाइव प्रसारण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



कृषि विज्ञान केंद्र पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के लाइव प्रसारण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु, विधायक अशोक कोठारी, भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संयुक्त निदेशक कृषि विनोद जैन ने बताया कि देशभर के 9.7 करोड़ किसानों को ?20,500 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी की गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सी.एम. यादव ने अनुसूचित जनजाति योजना अंतर्गत 30 किसानों को 1000 प्रताप धन चूजे एवं 500 पौधे वितरित किए। कार्यक्रम में एडीएम ओमप्रकाश मेहरा, एसडीएम अक्षत सिंह, आत्मा परियोजना निदेशक के.जी. जाट, मीना कुमारी सहित 400 से अधिक कृषक एवं महिला किसान मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सेवा और समर्पण को सलाम: वरिष्ठ अधिवक्ता तम्बोली का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**



नगर के राधाकृष्ण मंदिर परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाशचंद्र तम्बोली का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राधाकृष्ण मंडल द्वारा यह सम्मान उन्हें क्षेत्रवासियों के प्रति दी गई श्रेष्ठ सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। मंडल के मनोज सनाढ्य ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राधाकृष्ण को बर्फी से बने केक का भोग अर्पण कर की गई। इसके पश्चात पंडित भेरूलाल भट्ट के सान्निध्य में महाआरती आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में प्रसादी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व भू-अभिलेख निरीक्षक गोवर्धन झंवर, मानसिंह मूंदड़ा भाविप अध्यक्ष, पूर्व न्यायिक अधिकारी राधेश्याम तेली, शिक्षाविद सत्यप्रकाश खटीक, नीरज जोशी व्यापार मंडल अध्यक्ष, पार्षद पवनेश ओस्तवाल, समाजसेवी दिनेश सिंधी, अधिवक्ता दिनेश तम्बोली सहित राधाकृष्ण मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान जन मंच ने किया पौधारोपण, नंद किशोर महाराज ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचंद पेसवानी**



राजस्थान जन मंच द्वारा शनिवार को तिलक नगर सेक्टर-8 स्थित चारभुजानाथ मंदिर परिसर में संत नंद किशोर भारद्वाज महाराज के सान्निध्य में 21 विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता व जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी ने किया।

नंद किशोर महाराज ने कहा कि पौधे धरती मां का श्रृंगार हैं, हर व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर पीपल, बरगद, नीम, अशोक सहित कई छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। मंदिर पुजारी ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली।

सोनी ने कहा कि जन मंच पर्यावरणीय व सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय है।

कार्यक्रम में रोहित भरावा, कमलेश भारती, शिवप्रकाश चन्नाल, जगदीश सेन, पुष्कर सुथार, सुमित खोईवाल, भानु सालवी, दीपक प्रजापत, राहुल मीणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टियारा क्लब ने मनाया मित्रता दिवस महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मित्रता दिवस से पूर्व टियारा क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब की प्रेसिडेंट मोना शर्मा, सचिव रविता गंभीर और कोषाध्यक्ष समता कानूनगो के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नारी आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विचार साझा किए गए।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उपस्थित युवा महिला सदस्यों ने क्लब की इस पहल को प्रेरणादायक बताया।

क्लब की ओर से बताया गया कि आने वाले वर्ष में ÷लालित्य और गरिमा÷ के साथ रचनात्मक व कलात्मक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त मंच प्रदान करना है, जिससे वे समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें।



कार्यक्रम में रश्मि नाहर, रंजना गट्यानी, पूर्णिमा, विभा, नीता, राज, सरोज मेहता, भावना छाबड़ा, अल्का मारू, संगीता बाबेल, सपना अग्रवाल, ममता चालान, अनु मोदी, दीपिका, निधि रावत, संगीता मानसिंहका, निष्ठा, कल्पना, राधिका और अक्षिता मारू सहित कई सदस्याएं उपस्थित रही ।

# शिव महापुराण कथा के लिए घर-घर पहुंचेगा पीला चावल, मातृशक्ति संभालेगी जिम्मा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज के सान्निध्य में 9 से 15 सितंबर तक प्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति कार्यालय पर महिला कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

बैठक में तय हुआ कि भीलवाड़ा की मातृशक्ति घर-घर जाकर पीले चावल बांटकर आमंत्रण देंगी। क्षेत्रवार महिला समितियों का गठन किया जा रहा है, जो हर 100 घर पर एक प्रभारी नियुक्त कर कथा में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करेंगी।महिला संयोजक मंजू पोखरना ने बताया कि 8 सितंबर को कथा की पूर्व संध्या पर चित्रकूटधाम से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो रामधाम होते हुए आजाद नगर स्थित कथा स्थल पहुंचेगी।

बैठक में अलका जोशी, ममता शर्मा, साधना सोनी, सुमन बाहेती, पुष्पा मेहता, लीला राठी, अर्चना सोनी, मधु ओझा, वंदना शर्मा सहित विभिन्न संगठनों की महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# जायरीन पहुंचे मक्का शरीफ, देश में अमन और तरक्की की मांगी दुआ

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)**



बीगोद क्षेत्र से 35 मुस्लिम जायरीन उमराह यात्रा पर मक्का शरीफ पहुंचे, जहां उन्होंने पवित्र स्थलों की जियारत कर देश में अमन, चैन, समृद्धि और भारत को विश्वशक्ति बनने की दुआ की।

इस मुकद्दस सफर में बीगोद से हाजी मोहम्मद आरिफ मीर के नेतृत्व में दो वर्षीय फातिमा बानू सिलावट, अनस नीलगर, गुलाम नबी, सहमा बानू रंगरेज सहित विभिन्न क्षेत्रों से जायरीन शामिल हुए। आकोला से खुदा बख्श, शरीफन रंगरेज और भीलवाड़ा से हाफिज मोहम्मद उमर, आमना बी, मोहम्मद इमरान जैसे कई लोग भी इस यात्रा का हिस्सा बने।


जायरीन ने जबल-ए-शोर, अराफात का मैदान, मस्जिद ए खेप, मीना, गारे हीरा सहित अन्य पवित्र स्थलों की जियारत की। मस्जिद आयशा में दो रकात नमाज अदा कर उमराह की नियत से इहराम बांधते हुए तीसरा उमराह मुकम्मल किया।

खुदा बख्श रंगरेज ने बताया कि मस्जिद ए आयशा का धार्मिक महत्व अत्यंत है, जहां से हजरत आयशा ने विदाई यात्रा शुरू की थी। उन्होंने सभी के लिए इस पाक जगह पर जाने की दुआ मांगी।

## QUICK BITES

### चैनाका खेड़ा रोड की हालत खस्ता, कीचड़ और जलभराव से ग्रामीण परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



मांडल ग्राम पंचायत बावलास के चैनाका खेड़ा गांव में अंदरूनी सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के चलते सड़क कीचड़, गड्ढों और जलभराव से भर गई है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन कठिन हो गया है। इस मार्ग से रोजाना ग्रामीण, स्कूली बच्चे और दोपहिया वाहन चालक गुजरते हैं, लेकिन दलदली हालात और गहरे गड्ढों के चलते दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय निवासी रामेश्वरलाल खारोल ने बताया कि समस्या महीनों से बनी हुई है। सरपंच और उपसरपंच को कई बार अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने विधायक और प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कर जल निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### त्रिवेणी संगम से मुण्डला महादेव तक निकलेगी आज विशाल कांवड़ यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

विधानसभा क्षेत्र में श्रावण मास के पावन अवसर पर समस्त शिवभक्तों द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 3 अगस्त, रविवार को सुबह 7:15 बजे त्रिवेणी संगम से प्रारंभ होकर मुण्डला महादेव व श्री मुण्डलेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली जाएगी।

यात्रा के आयोजन प्रभारी मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि इस यात्रा में सभी श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क कांवड़ की व्यवस्था की गई है। उन्होंने अधिक से अधिक शिवभक्तों से परिवार सहित शामिल होकर इस पवित्र यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

कांवड़ यात्रा के दौरान हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवभक्त श्रद्धा और भक्ति भाव से बोल बम के उद्घोष करते हुए जल लेकर मंदिर तक पहुंचेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

यात्रा में महिलाओं, युवाओं व बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। यात्रा के दौरान भक्ति गीत, डीजे आदि की व्यवस्था भी की गई है ।

### माहेश्वरी महिला संगठन का सुहागिनी सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से सुहागिनी सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्ष डॉ. राखी राठी ने बताया कि कार्यक्रम में 16 श्रृंगार, वेशभूषा, मेकअप, रैंप वॉक और गीत-नृत्य पर आधारित प्रतियोगिता हुई। निर्णायकों में निशा काकानी और रीना डाड रहीं। प्रथम पूनम माहेश्वरी और द्वितीय पायल गग्गड़ को सुहागिन सम्मान से नवाजा गया। अन्य प्रतिभागियों में पुष्पा गग्गड़, सुनीता अजमेरा, अलका पलोड़, उषा तोतला, मोनिका झंवर समेत सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सावन के झूले, प्रश्नोत्तरी और श्रृंगार का वैज्ञानिक महत्व भी शामिल रहा। संचालन अलका सोडाणी और महेश वंदना मधु सोडाणी ने की।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।